संक्षिप्त

महामण्डल विधान में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में अष्टान्हिका महापर्व के उपलक्ष्य पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान में मंगलवार को 512 श्रीफल अघ्र्य चढ़ाए गए। जिसमें पण्डित राजकुमार शास्त्री मध्यप्रदेश ने श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि विधानाचार्य शास्त्री के निर्देशन में सिद्धचक्रमहामण्डल विधान में सोधर्म इन्द्र नरेंद्र रानी भाणजा, ईशान इन्द्र पदम बीना सेदरिया एवं यज्ञनायक ज्ञानचंद मुन्नी देवी भाणजा ने मण्डप पर अघ्र्य चढ़ाए। हितेश छाबडा ने बताया कि प्रातः काल सर्व प्रथम अभिषेक व शांतिधारा के बाद नित्य नियम पूजा की गई। उसके बाद सिद्धचक्र विधान में सभी इन्द्र-इन्द्राणियों ने मण्डप पर 512 श्रीफल अघ्र्य चढ़ाए। जिसमें महिलाओं ने उत्साह पूर्वक बढ चढकर भाग लिया। इस अवसर पर सुशील आरामशीन, महेन्द्र चंवरिया, नेमीचन्द सिरस, प्रेमचंद गिन्दोडी, चेतन शिवाड, पारसमल जैन, गोपाल कठमाणा, रामपाल चंवरिया, मुकेश जैन, सुलोचना भाणजा, मुन्नी देवी, सपना जैन, ज्योती जैन व सुनिता जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

कोटपूतली । आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देषानुसार यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में मंगलवार को विकसित भारत 2047 या आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने बताया कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय हैं। इन विषयों से विद्यार्थियों में भारत के समाज, राजनीति, संस्कृति व अर्थव्यवस्था को समझने का अवसर मिला है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 65 नियमित विद्यार्थी शामिल हुये। हिंदी व अंठोजी भाषाओं में निबंधों का लेखन हुआ। निबंधों के लिये शब्द सीमा 600 शब्द रखी गई। डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तरीय है। इसमें महाविद्यालय स्तर पर तीन विजेताओं का चयन होगा तत्पश्चात् जिला, संभाग स्तर पर चयनित विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर आयुक्तालय द्वारा गठित समिति चयन करेगी। इसमें प्रथम पुरूस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार व तृतीय 5100 रूपये हैं। 18 प्रतिभागियों को एक-एक हजार रूपये की सांत्वना पुरूस्कार राशि आयुक्तालय द्वारा प्राप्त होगी।

मौसम में ठंडक बढ़ी

भरतपुर । भरतपुर जिले में मंगलवार को सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है। मौसम बदलने के साथ मौसम में ठंडक भी बढ़ी है। मौसम विभाग ने बारिश की पहले ही चेतावनी दी हुई थी। ठंडी हवाएं चल रहीं हैं। मौसम बदलने के कारण लोगों के गर्म कपड़े भी निकल आये हैं। भरतपुर शहर में भी हल्की बूंदाबांदी हो रही है। ठंडी हवा चल रहीं हैं। बादल छाए हुए हैं। रोजाना तापमान में गिरावट देखी जा रही है। मौसम बदलने के साथ ही किसानों को भी चिंता होने लगी है। इस समय किसानों ने खेतों में गेहूं और सरसों की फसल लगाई है। बारिश के कारण फसल खराब हो सकती है। क्योंकि मौसम की वजह से इस बार किसान ने सरसों की फसल लेट बोई थी।

छप्पन भोग की झांकी आज

निवाई। शहर के कायस्थ मोहल्ला स्थित गोपालजी के मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी जुगलकिशोर पचंरग्या ने बताया कि भगवान गोपाल जी का पंचामृत से अभिषेक करने के बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जिसको लेकर सुबह 8 बजे 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर1 से 4 बजे तक भजन सत्संग का आयोजन किया जाएगा। दोपहर बाद 4 बजे आरती करने के बाद श्रद्धालुओं को छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

बिरसा मुंडा की जीवनी बताई

दूदू । निकटवर्ती पडासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट इंजीनियरिंग कॉलेज एवं बॉम्बे वर्ल्ड स्कूल एवं टीटी कॉलेज के सभागार में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस अवसर पर निर्देशक राकेश भारद्वाज संजीव महर्षि द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर विस्तार से बताया गया।

एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : प्रीति मीणा

निवाई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)के तहत पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा के नेतृत्व में बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने निरीक्षण आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओं को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण को इंटरएक्टिव तरीके से लेंवे, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी बीएलओ अपने पहचान पत्र अनिवार्य रूप से पहनें तथा सभी प्रक्रियाओं का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ प्रतिदिन अपनी दैनिक

निवाई पंचायत समिति में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण शिविर में एसडीएम प्रीति मीणा ने बीएलओ से चर्चा की।

प्रगति रिपोर्ट तैयार करें और बूथ लेवल एजेंट के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों की मतदाता सूचियां अब पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सटीक एवं सत्यापित पारिवारिक संबंधों के आधार पर वंशावली मानचित्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए आमजन में जागरूकता अभियान चलाया जाए। चुनाव प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा आगामी दिवस में एसआईआर

- बूथ लेवल अधिकारियों के प्रशिक्षण शिविर का एसडीएम ने निरीक्षण किया
- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए आमजन में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

करवाने के संबंध मे जारी गाइडलाइन के अनुसार बूथ लेवल अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस अवसर पर दक्ष प्रशिक्षक देवकीनन्दन गौतम, त्रिलोकचन्द जैन व राजेन्द्र मीणा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

सम्मान समारोह आज

पावटा । तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा आज बुधवार को दीपावली स्नेह मिलन व सम्मान समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा व कार्यकारिणी ब्रह्म समाज पावटा का तहसील स्तरीय दीपावली स्नेह मिलन व सम्मान समारोह आज सुबह 11 बजे से पावटा ग्रीन पार्क होटल में आयोजित किया जाएगा। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य पूजा-पाठ, यज्ञ, अनुष्ठान एवं धर्म प्रचार-प्रसार में संलग्न सभी ब्राह्मण बंधुओं को एक मंच पर एकत्र कर समाज में एकता, सहयोग एवं स्नेह की भावना को प्रगाढ़ करना है। कार्यक्रम के माध्यम से ब्राह्मण समाज को अपने अनुभव आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए वैदिक धर्म को सुद्ढ किया जा सकेगा।

फ्रांस से आए दल ने महिला कृषकों के सब्जी उत्पादन की सराहना की

निवाई। गांव सीदडा में महिला कृषकों के सब्जी उत्पादन को फ्रांस से आए 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने देखा और उनकी सराहना की। इस दौरान दल के सदस्यों ने महिला कृषकों के आत्म विश्वास व आत्म निर्भरता को देखकर खुशी जताई। सेंटर फॉर माइक्रोफ्रांस ने संस्था द्वारा क्रियान्वित की जा रही ठाम विकास परियोजना के अवलोकन हेतु लुई ड्रेफस फाउंडेशन की अध्यक्ष मार्गरीटा लुई ड्रेफस के नेतृत्व में महिला किसान समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की कार्यकारी निदेशक मल्लिका श्रीवास्तव ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना से छोटे किसानों और ठामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और गरीबी उन्मूलन में योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है।

- महिला कृषकों को सम्मानित किया
- गांव सीदडा में महिला कृषकों के सब्जी उत्पादन को फ्रांस से आए 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने देखा और उनकी सराहना की। इस दौरान दल के सदस्यों ने महिला कृषकों के आत्म विश्वास व आत्म निर्भरता को देखकर खुशी जताई

इसके बाद लुई ड्रेफस फाउंडेशन की अध्यक्ष मार्गरीटा ने महिला किसानों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न परियोजना गतिविधियों के मॉडल का अवलोकन किया तथा परियोजना के तहत कृषि में अपनाए जा रहे नवाचारों को जाना व समझा। लुई ड्रेफस फाउडेशन के जनरल मैनेजर रॉबर्ट सर्पोलेट तथा कंपनी के सीईओ सुमित मित्तल ने भी महिला किसानों के प्रयासों को सराहना की। इस अवसर पर मौजूद 150 से अधिक महिला किसानों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों से भ्रमणकारी दल ने संवाद किया और परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कृषि एवं पशुपालन संबंधी नवाचारों जैसे गोबर गैस संयंत्र, पशुओं हेतु बने आश्रय निर्माण, प्राकृतिक खेती व सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आदि का अवलोकन किया। समारोह के अंत में उत्कृष्ट कार्य हेतु गांव की 25 से अधिक महिला किसानों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। संचार प्रभारी परीक्षित सिंह तोमर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बघेरे ने बछड़े पर हमला किया

टोंक । निवाई उपखण्ड के बस्सी गांव के क्षेत्र के पास मंगलवार को सुबह एक बघेरे ने गाय के बछड़े पर हमला कर दिया, जिससे बछड़े के मुंह पर कई जगह घाव हो गये तथा वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस दौरान बछड़े की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गई, शोर-शराबे के बाद बघेरा बछडे को छोड़कर पहाड़ी की ओर भाग गया। ग्रामीणो ने पशु चिकित्सक को मौके बुलाया तथा घायल बछड़े का इलाज किया।

बाद में घटना की जानकारी विधायक रामसहाय वर्मा को दी गई, जिन्होंने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। वही ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई तथा क्षेत्र में बघेरे का मूवमेंट से भय का माहौल पैदा गया।

इससे पहले 27 अक्टूबर को भी बघेरे ने एक बाड़े से बकरी का शिकार किया था।

'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' पोस्टर का विमोचन

दौसा । बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत शादियों के सीजन के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की ओर से आमजन को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने जनजागरूकता पोस्टर का भी विमोचन किया है। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विश्वदेव पांडेय ने बताया कि पोस्टर में अंकित क्यूआर कोड को स्केन करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की द्विभाषी शैक्षिणक वीडियो सीरीज का एक्सेस मिलता है,वहीं एक अन्य क्यूआर कोड के माध्यम से 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान'अभियान की कॉलर ट्यूयन को डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एनएचएफएस पंचम के आंकड़ों के अनुसार बाल विवाह के कारण बच्चों में अशिक्षा, बेरोजगारी, जच्चा-बच्चा की मृत्यु, घरेलू हिंसा, तलाक एवं कम उम्र में विधवा होने के प्रकरणों में वृद्धि एवं बच्चों के सामाजिक एवं मानसिक विकास में बाधा आदि दुष्प्रभाव होते हैं। इसलिए वैधानिक रूप से लड़के की निर्धारित न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से पूर्व विवाह दण्डनीय अपराध एवं सामाजिक विकृति है। इस पोस्टर में बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं बाल

- शादियों के सीजन में आमजन को किया जा रहा है बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक

विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि विभागीय निर्देशानुसार आगामी माह विशेष रूप से नवम्बर एवं दिसम्बर में विभिन्न सावों आदि के दौरान बाल विवाह की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रशासन प्रयासरत है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन नं. 1098 पर करें । बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि इस वर्ष बाल विवाह पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिले में पहली बार विभिन्न प्रकरणों में पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से निषेधाज्ञाएं जारी करवा दी गई हैं। साथ ही,जनसामान्य से अपील की गई है कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन नं. 1098,पुलिस कन्ट्रोल रूम नं.100,नजदीकी पुलिस थाने अथवा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों यथा उपखण्ड अधिकारी,तहसीलदार आदि को देकर बाल विवाह रोकथाम में सरकार का सहयोग कर सकते हैं।

मनु प्रजापत सम्मानित

दौसा। पीएमश्री श्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दौसा में मंगलवार को अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 69 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग -छात्र एवं छात्राएं) में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3 छात्रा एवं 28 छात्र खिलाडी को सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि इनमें से बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र मनु प्रजापत ने राज्य स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज विद्यालय में उत्कृष्ट खिलाडियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रेला रहीं। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजूलता जाटव, भाजपा शहर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजावत, भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, भाजपा शहर उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू साहू तथा भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती सपना मीना उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का माल्यार्पण एवं मुँह मीठा कराकर स्वागत किया साथ ही अन्य सभी विद्यार्थियों को इन बालकों के माध्यम से प्रोत्साहित किया।

फुटबाल टूर्नामेंट कराये जाने का प्रस्ताव

दौसा। श्री जय भवानी स्पोर्टस क्लब के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से 9 नवंबर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं 21 दिसम्बर से 10 जनवरी 2026 के मध्य राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट कराये जाने का निर्णय लिया गया। इधर बैठक में टूर्नामेंट में शामिल होने वाली संभावित टीमों से चर्चा के लिए कमेटी का भी गठन किया गया।

बैठक में क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि क्लब द्वारा दो वर्ष में एक बार राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेट आयोजित कराये जाते रहे है, जिसमें देश के विभिन्नराज्यों की टीमें एवं विदेशी खिलाडी भी शामिल होते है। इस बार भी 21 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 के मध्य टूर्नामेंट कराये जावेगें, जिसके लिए कमेटी का गठित की जावेगी। कमेटी देश के विभिन्न राज्यों की उत्तम दर्जे की टीमों से वार्ता कर उन्हे टूर्नामेट के लिए आमंत्रित करेगी। प्रवक्ता कमलेश तिवारी उर्फ कल्लू भाई ने बताया कि भवानी क्लब द्वारा एतिहासिक राष्ट्रीय स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट कराये जाते रहे है, इस बार अन्य वर्षो की तुलना में बेहतर टूर्नामेट कराये जावेगे। उन्होने बताया कि 9 नवंबर को क्लब का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जावेगा। स्नेह मिलन

- महायज्ञ के साथ विधिवत होगा समापन
- श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान में मंगलवार को 512 श्रीफल चढ़ाए गए। जिसमें पण्डित राजकुमार शास्त्री मध्यप्रदेश ने श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई

समारोह के दौरान टूर्नामेंट की तैयारियों को अंतिम रुप प्रदान कर दिया जावेगा। उन्होने बताया कि क्लब द्वारा कराये गये टूर्नामेंट में दौसा शहरवासियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जाता है, इस बार भी सभी से चर्चा कर एतिहासिक टूर्नामेंट कराये जावेगे। बैठक में सोनू भाई द्वारका, प्रवीण बोहरा गब्बू भाई, राजेन्द्र शर्मा शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने सुझाव दिये तथा सर्व सम्मति से टूर्नामेंट कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बंदियों ने बनाई प्रेरणादायक सैंड आर्ट

दौसा। विशिष्ट केंद्रीय कारागार श्यालावास में गुरु नानक देव जी की जयंती की पूर्व संध्या पर बंदियों ने मिट्टी से एक सुंदर सैंड आर्ट तैयार की है।

- कारागार अधीक्षक पारस जाडिग ने बताया कलाकृति को बंदी कलाकार राजेश ने कारागृह परिसर की शुद्ध मिट्टी से तैयार किया, जिसमें संदीप गुप्ता ने सहयोग दिया

कारागार अधीक्षक पारस जाडिग ने बताया इस कलाकृति को बंदी कलाकार राजेश ने श्रद्धापूर्वक कारागृह परिसर की शुद्ध मिट्टी से तैयार किया,जिसमें संदीप गुप्ता ने सहयोग दिया। गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रेरित होकर बंदियों ने यह सैंड आर्ट

दौसा विशिष्ट केंद्रीय कारागार श्यालावास में गुरु नानक देव जी की जयंती की पूर्व संध्या पर बंदियों ने मिट्टी से एक सुंदर सैंड आर्ट तैयार की है।

तैयार की,जो शांति,प्रेम और सेवा का संदेश देती है। संतुलन, श्रद्धा और सौंदर्य के साथ बनाई गई इस रचना में गुरु नानक देव जी के उपदेश 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' को कलात्मक रूप में अभिव्यक्त किया। कारागार अधीक्षक के मुताबिक ऐसे आयोजन बंदियों में सृजनशीलता, और सुधार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

बुकल गुप्ता ने इतिहास रचा

किशनगढ़ बास। सीए फाइनल परीक्षा में पूरे देश में तीसरी रैंक हासिल करने वाले किशनगढ़ बास के बुकल गुप्ता का व्यापारियों ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया तथा मुंह मीठा कराकर बुकल व परिवार जनों को बधाई दी। बुकल गुप्ता अनाज मंडी में आढ़ती राजेश गुप्ता के पुत्र हैं।

सीए फाइनल परीक्षा मे पूरे देश में तीसरी रैंक हासिल करने वाले बुकल गुप्ता ने कुल 489 यानी 81.50 प्रतिशत अंक हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की है। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी व अनाज मंडी अध्यक्ष रमेश अठावाल ने कहा बुकल गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता ने पूरे देश में तीसरी रैंक हासिल कर परिवार के साथ क्षेत्र व किशनगढ़ बास का गौरव बढ़ाया है।

इस दौरान किराना मंडल अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, रेडीमेड गारमेंट अध्यक्ष जनेश भूटानी, लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना, ट्रेलर एसोशिएशन अध्यक्ष प्रभु दयाल चंदनानी, संजय सिंघल सहित व्यापारियों ने बुकल गुप्ता का सम्मान कर बुकल गुप्ता को देश में तीसरी रैंक हासिल करने पर बधाई दी।

सार-समाचार

8.50 लाख का दान किया

सांभरझील । सांभर के लवण व्यवसायी व कायस्थ समाज के वरिष्ठ सदस्य अखिलेश माथुर ने धार्मिक संस्था श्याम रंगीला ट्रस्ट को स्वयं की ओर से 8 लाख 51 हजार की राशि स्वेच्छा से दान की। श्याम मंदिर को यह अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक योगदान मिला है। इससे पहले अखिलेश माथुर ने करीब 10 लाख रुपए की लागत से भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भगवान शिव का भव्य मंदिर का निर्माण कराकर कायस्थ समाज के सुपुर्द किया था। बता दें कि इससे पहले भी उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के दौरान सबसे अधिक एक लाख 51 हजार का योगदान दिया था, वहीं यतीजी नसियां स्थित मंदिर में अनेक कार्यो पर करीब 10 लाख रुपए खर्च कर धार्मिक आयोजनों में अपना अहम योगदान दिया। गरीब लोगों की मदद की तथा अपनी सीधी सरल प्रतिभा का परिचय दिया। बताया गया कि धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाले अखिलेश माथुर ने श्याम रंगीला ट्रस्ट को उनकी ओर से राशि श्याम मंदिर के मुख्य शिखर व शिव मंदिर के मुख्य शिखर एवं उस पर पीतल के कलश हेतु व पहली मंजिल पर भक्तों की सेवा हेतु एक कमरे की राशि समर्पित की गई है। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी पुष्पा माथुर, पुत्र शुभम, पुत्री कोमल व डॉटर इन लॉ दृष्टि का श्याम रंगीला परिवार ने आदर भाव से तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा किया, वहीं कायस्थ समाज की तरफ से भी उनको इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

स्वदेशी उत्सव की शुरुआत 7 से

टोंक। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले व खण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक आगामी 7 नवम्बर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, महाविद्यालय, मेडिकल एवं पैरामेडिकल कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, पुलिस एवं आरएसी के जवान, सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी रहेगी।

जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने बताया कि इस अवसर पर भव्य 'वंदे मातरम' गायन, तिरंगा झंडों का वितरण, स्कूल, पुलिस एवं आर्मी की बैंड प्रस्तुतियाँ तथा महापुरुषों की प्रदर्शनी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों व आम नागरिकों द्वारा देशभक्ति के माहौल में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ 'वंदे मातरम' गायन का ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। जिले में प्रदर्शनी, और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक स्वरूप में मनाया जाएगा। वही जिलें में प्रभात फेरी, रन अथवा बाइक रैली के माध्यम से 'वंदे मातरम' का प्रचार किया जाएगा तथा शहीद स्मारकों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, विद्यालयों में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं, एनएसएस द्वारा स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविर, स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान और थीम आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। एलईडी स्क्रीन, होर्डिंग्स, एवं विज्ञापन स्थलों पर ''वंदे मातरम 150'' प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इनके माध्यम से 'वंदे मातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका और राष्ट्रीय एकता के संदेश को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही इस अभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए अंदकमउंजंतंउ हैशटैग के साथ सोशल मीडिया अभियान भी चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों में 10 नवम्बर को 'वंदे मातरम 150' कार्यक्रम एवं स्वदेशी संकल्प का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 11 नवम्बर को नगर निकाय कार्यालयों में, 12 नवम्बर को पंचायत राज संस्थानों में, 13 नवम्बर को सभी स्कूलों व छात्रावासों में, 14 नवम्बर को उच्च शिक्षा संस्थानों में तथा 15 नवम्बर को अस्पतालों और पुलिस थानों में 'वंदे मातरम 150' कार्यक्रम एवं स्वदेशी संकल्प आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में 'वंदे मातरम का सामूहिक वाचन होगा।

गणना प्रपत्र वितरण का कार्य शुरु

टोंक। विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य मंगलवार से शुरु हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र काफी आसान बना दिया है। बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उसे भरने में सहायता भी करेंगे। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सोहेला पंहुचकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण, ऑन लाईन प्रक्रिया, बीएलओ एप पर एंट्री, रजिस्टर में रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। साथ ही बीएलओ को पूरी गंभीरता एवं समयबद्ध सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) पीपलू गणराज बड़गोदी, सुरपवाईजर लल्लू लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

मां दुर्गा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 7 को

निवाई। शहर की सिन्धी कालोनी में स्थित श्री झूलेलाल मन्दिर में मां दुर्गा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा मंगलवार की सुबह श्री चिंताहरण गणेश मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। पूज्य सिंधी पंचायत व सिंधी सोनी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सुबह करीब 11:30 बजे विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद कलश पूजन कर कलश यात्रा रवाना हुई। झिलाय रोड़ स्थित श्री चिंताहरण गणेश मन्दिर से ढोल नगाड़ों व बेंड बाजों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा गुजरी। पूज्य सिंधी पंचायत के मोती सोनी ने बताया कि समाज के स्व. हारूमल सोनी व स्व. लीला देवी की पुण्य स्मृति में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर तक श्री झूलेलाल मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 7 नवंबर की दोपहर करीब 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर पर झूलेलाल धर्मशाला में पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाएग

मतदाताओं से भरवा रहे गणना प्रपत्र

भरतपुर (निस)। राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत सर्वे का काम शुरू हो गया है. इसके लिए बीएलओ घर-घर जा रहे है. बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं. उसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी. जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक यह अभियान चलेगा, भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र काफी आसान बना दिया है. अब यह केवल एक ही पेज का है. उसमें भी मतदाता से संबंधित सूचनाएं जैसे नाम, ईपिक नंबर, पता एवं वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार भाग और क्रमांक संख्या पहले से ही भरी हुई आ रही है । मतदाता की फोटो भी गणना प्रपत्र पर छपी हुई है ।

फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

पावटा। दो साल से फरार चल रहे न्यायालय के वांछित स्थाई वारंटी को प्रागपुरा थाना पुलिस टीम ने काफी तलाशी के बाद गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई द्वारा पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर द्वारा एक विशेष अभियान के तहत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशो की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिए गए टास्क की पालना में अथक प्रयास कर प्रकरण में फरार मुल्जिम अजय सिंह पुत्र गिरवर सिंह निवासी भैंसलाना थाना सरुण्ड को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।